http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 9 EXAM 2016

## हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा IX

• वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 5 × 1 = 5
   (i) कवि सुमित्रानन्दन पन्त ने बचपन में छिपकर ............ बोए थे। *(गेहूँ/पैसे)*
   (ii) 'ताई' कहानी के लेखक ............ हैं। *(विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'/मुंशी प्रेमचंद)*
   (iii) सूर्य के कालचक्र के अनुसार निर्मित पंचांग को ............ कहते हैं। *(सौर परिवार/सौर पंचांग)*
   (iv) सदाचार का विलोम ............ है। *(अत्याचार/दुराचार)*
   (v) वीर रस का स्थायी भाव ............ है। *(उत्साह/क्रोध)*

   उत्तर—(i) पैसे, (ii) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक', (iii) सौर पंचांग, (iv) दुराचार, (v) उत्साह।

2. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए— 5 × 1 = 5
   (i) कवि रैदास ने स्वयं को चकोर और प्रभु को चन्द्रमा कहा है।
   (ii) पर्वतों और वनों के रहने पर ही नदियों का अस्तित्व निर्भर है।
   (iii) सम्राट बिम्बसार के पुत्र का नाम महात्मा बुद्ध था।
   (iv) 'गले का हार होना' का अर्थ है—बहुत प्रिय होना।
   (v) एक अंक वाला दृश्य काव्य एकांकी कहलाता है।

   उत्तर—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

3. खण्ड 'क' का खण्ड 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी बनाइए— 5 × 1 = 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) माल्यवन्त | (अ) सुरपति |
| (ii) अंधों का हाथी | (ब) रावण का विद्वान मन्त्री |
| (iii) परमेश्वर का महामन्दिर | (स) शरद जोशी |
| (iv) 'इन्द्र' का पर्यायवाची | (द) रति |
| (v) 'शृंगार' रस का स्थायी भाव | (इ) समस्त विश्व |

   उत्तर—(i) → (ब), (ii) → (स), (iii) → (इ), (iv) → (अ), (v) → (द)।

4. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए— 5 × 1 = 5
   (i) शहीदों के प्राणदान का फल है—
   (क) साहित्य, (ख) स्वतंत्रता,
   (ग) साज-बाज, (घ) कृषि।
   (ii) पन्ना धाय ने प्राणों की रक्षा की—
   (क) बनवीर के, (ख) राणा सांगा के,
   (ग) राणा विक्रमसिंह के, (घ) कुँवर उदर सिंह के।
   (iii) वियोगी हरि विश्वमन्दिर बनाना चाहते हैं—
   (क) भारत में, (ख) चीन में,
   (ग) श्रीलंका में, (घ) अफ्रीका में।
   (iv) 'प्रशंसनीय' का विलोम शब्द है—
   (क) वंदनीय, (ख) सराहनीय,
   (ग) निन्दनीय, (घ) स्तुत्य।
   (v) 'पीपर पात सरिस मन डोला' में अलंकार है—
   (क) उपमा, (ख) रूपक, (ग) उत्प्रेक्षा, (घ) यमक।

   उत्तर—(i) (ख), (ii) (घ), (iii) (क), (iv) (ग), (v) (क)।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या एक शब्द में लिखिए— 5 × 1 = 5
   (i) घनानन्द की प्रेमिका का क्या नाम था ?
   (ii) कौरव सेना के सेनानायक का नाम क्या था ?

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

(iii) राणा प्रताप के घोड़े का नाम क्या था ?

(iv) एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

(v) विस्तृत कलेवर वाले काव्य को क्या कहते हैं ?

उत्तर—(i) सुजान, (ii) भीष्म पितामह, (iii) चेतक, (iv) अनेकार्थी शब्द, (v) महाकाव्य।

6. रैदास की प्रभु भक्ति किस भाव की है ? 2

*अथवा*

बच्ची माँ को क्या खिलाने आई थी ?

7. प्रेम के मार्ग के विषय में कवि 'घनानन्द' का क्या मत है ? 2

*अथवा*

'कवि वृन्द' के अनुसार मूर्ख विद्वान कैसे बन सकता है ?

8. 'पंचवटी' कविता के अनुसार धरती अपनी प्रसन्नता किस प्रकार व्यक्त कर रही है ? 2

*अथवा*

'हिन्दुस्तान हमारा है' से कवि 'नवीन' का क्या आशय है ?

9. शबरी ने राम को प्रेम सहित खाने को क्या दिया ? 2

*अथवा*

विभीषण रावण से बार-बार क्या विनती करता है ?

10. कवि 'अंचल' के अनुसार जीवन मार्ग में काँटे और कलियाँ क्या हैं ? 2

*अथवा*

'झोपड़ों में ही हमारा देश बसता है' से कवि अज्ञेय का क्या आशय है ?

11. स्वामी जी के अनुसार भारत के लोग दूसरे धर्मों को किस रूप में स्वीकार करते हैं ? 2

*अथवा*

लहरों में तैरने वालों को क्या मिलता है ?

12. नारियल कहाँ का वृक्ष है ? 2

*अथवा*

अमेरिका की खोज किसने की थी ?

13. "दीपदान" एकांकी में पन्ना किसका बलिदान करती है ? 2

*अथवा*

आनंदी का विवाह किसके साथ हुआ था ?

14. जीवक किस शास्त्र के विद्वान थे ? 2

*अथवा*

रामायण के रचयिता कौन हैं ?

15. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अन्तर है ? 2

*अथवा*

**निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए—**

(i) श्रीगणेश करना, (ii) नौ दो ग्यारह होना।

16. रस की परिभाषा एवं रस के अंग लिखिए। 2

*अथवा*

अलंकार की परिभाषा एवं इसके भेद लिखिए।

17. अपनी माँ को विश्वास दिलाते हुए सिपाही क्या कहता है ? 3

*अथवा*

चेतक के शौर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

18. **निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** 1 + 1 + 1 = 3

(i) पुष्प, (ii) शरीर, (iii) हवा।

*अथवा*

**निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

(i) आशा, (ii) सज्जन, (iii) देश।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

19. दोहा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2 + 1 = 3

*अथवा*

खण्डकाव्य एवं महाकाव्य में कोई तीन अंतर लिखिए।

20. वीरगाथा काल की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। 4

*अथवा*

भक्तिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखकर दो कवियों के नाम लिखिए।

21. निबन्ध की परिभाषा एवं प्रकार लिखिए। 4

*अथवा*

नाटक किसे कहते हैं ? नाटक के तत्व लिखिए।

22. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—** 4

*बार-बार आती है मुझको, मधुर याद बचपन की।*
*गया, ले गया तू जीवन की, सबसे मस्त खुशी मेरी॥*
*चिन्ता रहित खेलना खाना, फिर फिरना निर्भय स्वच्छन्द।*
*कैसे भूला जा सकता है, बचपन का अतुलित आनन्द॥*

*अथवा*

*है बिखेर देती वसुंधरा*
*मोती सबके सोने पर,*
*रवि बटोर लेता है उनको*
*सदा सवेरा होने पर।*

23. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—1 + 1 + 2 = 4**

जिस प्रकार वनों का वृक्षों से, नदियों का जल से संबंध है, उसी प्रकार नदियों का वनों से भी संबंध मानना चाहिए। वनों के रहते नदियाँ स्वत: फूट पड़ती हैं, प्रवाहित होती रहती हैं। वन नहीं रहेंगे तो नदियाँ नहीं रहेंगी। नदियों के न रहने पर हमारी संस्कृति विच्छिन्न हो जायेगी। हमारा जीवन-स्रोत ही सूख जायेगा।

*अथवा*

मानव जाति दो भागों में बँटी है, वे जो उधार देते हैं और वे जो उधार लेते हैं। मनुष्य और मनुष्य के बीच सारी बड़ी-छोटी खाइयाँ उधार के छोटे-मोटे पुलों से बँधी है। जब ये पुल टूट जाएँगे, आदमी अकेला हो जाएगा।

24. **''मैथिलीशरण गुप्त''** *अथवा* **'गोस्वामी तुलसीदास' का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** **2 + 1 + 1 = 4**

(i) दो रचनाएँ, (ii) भावपक्ष-कलापक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

25. **'रामधारी सिंह दिनकर'** *अथवा* **'हजारी प्रसाद द्विवेदी' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** **2 + 1 + 1 = 4**

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

26. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** **2 + 2 + 1 = 5**

''जब धर्म और जाति के आधार पर राष्ट्र से अलग होने के प्रयास होते हैं, तभी राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बढ़ जाता है। प्रत्येक स्वतन्त्र राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना आवश्यक होती है। इसके लिए राष्ट्रवासियों में स्नेह, सहिष्णुता, सहयोग तथा उदारता की भावना होनी चाहिए। राष्ट्रीय एकता के आदर्श को व्यवहार में लाना ही राष्ट्र के प्रति हमारा कर्त्तव्य है।''

**प्रश्न :**

**(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

**(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।**

**(iii) राष्ट्रवासियों में किस प्रकार की भावना होनी चाहिए ?**

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

27. तुम्हारे पिताजी का स्थानान्तरण हो जाने के कारण अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 5

*अथवा*

अपने मित्र को बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए आमन्त्रण पत्र लिखिए।

28. **(अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए—** 7

(i) विद्यार्थी और अनुशासन, (ii) कम्प्यूटर की उपयोगिता, (iii) हमारा राष्ट्रीय पर्व, (iv) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या, (v) विज्ञान से लाभ-हानि।

(ब) उपर्युक्त दिये गये विषयों में से निबंध लिखे गये विषय को छोड़कर अन्य किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए। 3

a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com